# आसियान भारत का महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार

## आसियान के राजदूतों के दल को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आसियान भारत का अत्यंत ही महत्वपूर्ण रणनीतिक और सांस्कृतिक साझेदार रहा है. सदियों से व्यापार, समुद्री संपर्क, आध्यात्मिक आदान-प्रदान और सांस्कृतिक समानताएं इस प्रगाढ़ संबंध को और भी समृद्ध बनाती रही हैं.**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक्ट ईस्ट पॉलिसी को एक नई गति मिली है, जिससे भारत-आसियान सहयोग व्यापार, कनेक्टिविटी, डिजिटल साझेदारी, क्षमता-निर्माण और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में और भी मजबूत हुआ है. भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल इंडिया, हरित ऊर्जा और जलवायु पहल की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे आसियान देशों के साथ साझेदारी के नए-नए अवसर सामने आए हैं. भारत और आसियान देशों का यह संबंध आज पारस्परिक विश्वास और साझा प्रगति का प्रतीक बन गया है.



मुख्यमंत्री डॉ. यादव दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों के संगठन आसियान के राजदूतों के दल को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव से आसियान देशों के मिशन प्रमुखों के आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की. यह दल तीन दिवसीय प्रवास पर मध्यप्रदेश आया हुआ है. इस उच्चस्तरीय दल में भारत में मलेशिया के उच्चायुक्त मलेशिया (आसियान चेयर) दातो मुजफ्फर शाह मुस्तफा, वियतनाम के राजदूत गुयेन थान्ह हाई, फिलीपींस के राजदूत जोसेल एफ. इग्नासियो, भारत और श्रीलंका में कंबोडिया की राजदूत रथ मनी, तिमोर-लेस्ते के राजदूत कार्लितो नुनेस, थाईलैंड की राजदूत सुश्री छवनार्ट थांगसुमफंट, भारत और भूटान में इंडोनेशिया की राजदूत इना एच. कृष्णमूर्ति, ब्रुनेई के द्वितीय सचिव पेंगिरन मोहम्मद शफी अलवाली बिन पेंगिरन अबू बकर, भारतीय विदेश मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव (दक्षिण) प्रशांत अग्रवाल एवं अवर सचिव सुश्री जुही जलोटा शामिल थे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत और आसियान संबंधों के सुदृढ़ीकरण और प्रदेश के वैश्विक संवाद विस्तार की दृष्टि से यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण अवसर है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत तथा मध्यप्रदेश और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच आर्थिक, सांस्कृतिक, औद्योगिक निवेश तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित नवाचारों के क्षेत्र में व्यापक सहयोग एवं साझेदारी की मंशा व्यक्त की. उन्होंने कहा कि आसियान देशों के साथ साझेदारी से मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास को एक नई गति मिलेगी और ज्ञान-विज्ञान के आदान-प्रदान से नई तकनीकों एवं नवाचारों को भी बढ़ावा मिलेगा. सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी इस संबंध का महत्वपूर्ण आयाम बताते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पर्यटन विकास, शिक्षा और सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के विस्तार पर विशेष बल दिया.

### 15 साल पुरानी बसों को ऑफरूट करें

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में यात्री परिवहन व्यवस्था विकसित करने में सामान्य यात्री की सुविधा और सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए. यात्री बसों के आवागमन का प्रबंधन अद्यतन तकनीक का उपयोग कर किया जाए. सामान्यजन की सुविधा के लिए व्हीकल लोकेशन, बस के आवागमन की सूचना और किराए संकलन की सुविधा ऐप पर उपलब्ध कराई जाए. नगर निगमों द्वारा संचालित बसों, भारत सरकार द्वारा मिलने वाली ई-बसों को भी एक ही व्यवस्था के अंतर्गत सम्मिलित किया जाए. प्रशासनिक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि बस संचालक अपने वाहन केवल मुनाफे वाले रूट पर ही संचालित नहीं करें.

### पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिलाने की पहल करें : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिलाने के लिए आवश्यक पहल की जाए. इससे नवाचार के इच्छुक व्यक्तियों तथा उद्यमियों को सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे प्रदेश के विभिन्न अंचलों में पर्यटन गतिविधियों के संचालन और सुविधाओं के विस्तार में आसानी होगी. उन्होंने कहा कि प्रदेश में हेल्थ और वेलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने की पर्याप्त संभावनाएं हैं. अत: पर्यटन विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तथा आयुष विभाग के साथ मिलकर परस्पर समन्वय से गतिविधियां संचालित करें.

### द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस का लोकार्पण आज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 19 नवम्बर को छतरपुर जिले के चन्द्रनगर में द ओबेरॉय राजगढ़ पैलेस का उद्घाटन और पन्ना जिले के शाहनगर में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे. चंद्रनगर के पांच सितारा लग्जरी होटल से प्रदेश सहित जिले में पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा. देश के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक भी हमारी समृद्ध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक धरोहर और वन्य प्राणी पर्यटन की ओर आकर्षित होंगे.



# पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंची

▸ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 नवंबर. पूर्व मुख्यमंत्री और फायर ब्रांड नेता सुश्री उमा भारती मंगलवार को अचानक भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंची. प्रदेश कार्यालय में उस समय भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल मौजूद थे.**

प्रदेश अध्यक्ष के कक्ष में उन्होंने खंडेलवाल से मुलाकात की और कई सामयिक विषयों पर चर्चा की. उनकी ये मुलाकात यहां कौतूहल का विषय बनी रही. बीती रात ही सरकार ने सिंहस्थ लैंड पूलिंग एक्ट का मामला वापस लिया है. इसे लेकर उज्जैन में किसानों द्वारा जमकर विरोध किया जा रहा था. उनकी इस मुलाकात को इसे लेकर भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. पिछले कुछ समय से सुश्री भारती लगातार सक्रिय बनी हुई हैं और उन्होंने अगला चुनाव लड़ने की इच्छा भी जाहिर की है. हालांकि बाद में उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए इस मुलाकात के मायनों का पटाक्षेप करने की भी कोशिश की, उन्होंने एक्स पर कहा कि गौ संवर्धन के संबंध में कल मुख्यमंत्री मोहन यादव वे मुलाकात के बाद आज पार्टी अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात हुई.




नपा कर्मचारियों द्वारा सूचना बोर्ड अवैध कॉलोनी कृष्णा मार्केट में लगाया गया.

# बिल्डरों पर नपा ने कसा शिकंजा

**मंडीदीप, 18 नवंबर. नगर पालिका मंडीदीप ने मंगलवार को नगर में फल फूल रहे अवैध बिल्डरों पर कार्यवाही करते हुए. कालोनी में शासकीय बोर्ड लगाया जिसमें लिखा गया यह कालोनी पूर्ण रूप से अवैध है.**

नपा द्वारा लगभग चार कालोनी जिसमें कृष्णा मार्केट, कृष्णा रेसीडेंसी, आदित्य बिहार समेत कई बिल्डरों के जमीन पर चेतावनी बोर्ड लगाया जिसमें कई अन्य बिल्डरों में हड़कंप मच गया. और तो और किसी ने राजनीतिक जोर तो किसी ने प्रशासनिक जोर भी लगाया परन्तु नपा सीएमओ स्वयं उपस्थित होकर चेतावनी बोर्ड सामने रह कर लगवाया. और तो और नगर पालिका के द्वारा इन पर कानूनी कार्यवाही भी जल्दी की जाएगी जिसमें नगर की जनता इन फर्जी बिल्डरों के बहकावे में न आवे और तो और सही और पूरी जानकारी लेकर ही प्लॉट और मकान में अपना पैसा लगाए. वही नपा के राजस्व विभाग द्वारा आज करीब एक दर्जन से अधिक अवैध कालोनाइजर पर कार्यवाही की जाएगी जिसमें, नित्यानंद एंक्लेव, श्री राम वाटिका, बालाजीपुरम, हेमा बिहार, रेखा बिहार, और अन्य जिनकी जानकारी नपा के पास है इनपर आज चेतावनी बोर्ड लगाया जाएगा.

**इनका कहना है**

मंडीदीप में अवैध तरीके से काम करने वाले बिल्डरों पर मंगलवार को शिकंजा कसा गया जिसमें चेतावनी बोर्ड लगा कर ग्राहकों को जमीन न खरीदने की हिदायत लिखी गई है. कार्यवाही आज भी जारी रहेगी. जल्द हो अन्य बिल्डरों पर मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा.

**प्रशांत जैन,** सीएमओ मंडीदीप नगर पालिका.

### अविनाश लवानिया प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे

**भोपाल.** भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2009 बैच के अधिकारी अविनाश लवानिया अब केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे. उन्हें केंद्र सरकार के कृषि मंत्रालय के तहत डायरेक्टर कृषि एवं किसान कल्याण नई दिल्ली के पद पर पदस्थ किया, उनकी ये सेवाएं पांच वर्ष के लिये प्रभावी रहेंगी. लवानिया अभी एमडी मप्र पॉवर मैनेजमेंट के पद पर पदस्थ हैं.

# अरुण यादव बैरसिया प्रवास पर कार्यकर्ताओं से मिले

**बैरसिया ,18 नवम्बर. कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री एव पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव मंगलवार को बैरसिया पधारे. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अवनीश भार्गव उनके साथ थे.**



सेवादल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष लोकेश दांगी ने बताया की पूर्व प्रदेस अध्यक्ष अरुण यादव सर्वप्रथम महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनिता प्रेम नारायण शर्मा के सुपुत्र के विवाह कार्यक्रम की बधाई देने उनके निवास पहुचे. ततपश्चात यादव का काफला कांग्रेस कमेटी के भोपाल जिला ग्रामीण के कार्यकारी अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा के निवास पहुचा. वहा जलपान किया और कार्यकर्ताओं से मेल मुलाकात की. इसके बाद वे बस स्टैंड स्थित रेस्ट हाउस पहुचे. जहा क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया. अंत मे अरुण यादव हिगोनी गांव पहुच पूर्व मंडी अध्यक्ष सत्यनारायण यादव के पारिवारिक विवाह कार्यक्रम में समलित हुए. इस अवसर पर बरीष्ठ कांग्रेसी नेता रमेश साहू , जसपाल यादव , सेवादल अध्यक्ष लोकेश दांगी , पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा , महिला नेत्री राजकुमारी सुंदरलाल केवट , पूर्व नपा नेता प्रतिपक्ष राजू धाकड़ , युवा कांग्रेस के विधानसभा उपाध्यक्ष अंकुर राणा , जगदीश सेन , भूपेंद्र मीणा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.

# कलेक्टर ने ली बीएलओ की बैठक



**बैरसिया, 18 नवंबर.** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की सुचारु एवं प्रभावी प्रगति सुनिश्चित करने हेतु बैरसिया अनुभाग कार्यालय में सभी बीएलओ सुपरवाइज़र्स की 100% मार्गदर्शन बैठक ली. बैठक में मतदान कार्य से जुड़े प्रत्येक स्तर पर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति, डेटा की शुद्धता तथा डिजिटल प्रक्रिया की अनिवार्यता पर जोर दिया गया.

कलेक्टर सिंह ने निर्देशित किया कि बैरसिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 149 में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य को 26 नवंबर तक प्रतिदिन 10% इन्युनरेशन फॉर्म का सटीक एवं त्रुटिरहित डिजिटल अपलोड सुनिश्चित कर पूर्ण किया जाए.

उन्होंने यह भी कहा कि आज की प्रगति कम से कम 30% तक प्राप्त की जाए, जिससे आगामी कार्य समय-सीमा अनुसार बिना किसी बाधा के पूरा हो सके. कलेक्टर ने सरिता राजपूत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मतदान केंद्र क्रमांक-186 प्राथमिक शाला चठोआ के कार्य की सराहना की एवं सभी को प्रगति लाने के निर्देश दिए. कलेक्टर सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी को निर्देशित किया.

### पीएम किसान सम्मान निधि का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आज भोपाल में होगा

**भोपाल, 18 नवंबर.** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त का वितरण देश के किसानों को बुधवार 19 नवम्बर को किया जा रहा है. कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली संबोधित करेंगे.

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किश्त का वितरण राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा. कार्यक्रम कृषि उपज मण्डी समिति, करोंद, भोपाल में दोपहर 12.25 से आयोजित किया गया है. कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा सहित जन-प्रतिनिधि और कृषक बंधु शामिल होंगे.

# नियमित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करें : डिप्टी सीएम शुक्ल

**भोपाल, 18 नवम्बर . उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न अधोसंरचना विकास कार्यों, भर्ती प्रक्रियाओं, तथा उपकरण खरीद से संबंधित व्यवस्थाओं की व्यापक समीक्षा बैठक ली.**

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रोजेक्ट्स का नियमित फॉलोअप किया जाए तथा निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए कार्यों को पूर्ण किया जाए.



बैठक में चालू भर्ती प्रक्रियाओं—विशेषज्ञ चिकित्सक, स्टाफ नर्स, पैरा-मेडिकल स्टाफ और तकनीकी पदों—की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया.


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, नटेरन, जिला विदिशा (म0 प्र0)**

प्र0क0 47/अपील / 2025-26

1-माजिद खां पुत्र अकबर खां जाति मेवाती निवासी ग्राम पैरवासा तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र....अपीलांट

**विरूद्ध**

1-मरियम बी पुत्री नियामत खां पत्नि रईस खां नि. ग्राम पैरवासा हाल निवासी 288 सुदामानगर सुभाषनगर भोपाल तहसील हुजूर भोपाल म.प्र. ....... रेस्पोडेंट

**समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु सूचना पत्र**

एतद् द्वारा रेस्पोडेंट पक्ष को इस सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अपीलांट माजिद खां पुत्र अकबर खां निवासी पैरवासा तहसील नटेरन जिला विदिशा म.प्र. द्वारा ग्राम पैरवासा स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 94 रकबा 0.805 हे. 95 रकबा 0.031 हे. कुल रकबा 0.836 हे. पर नियामत खॉ के स्थान पर मरियम बी द्वारा कराये गये फौती नामातरण के विरूद्ध म.प्र. भू.रा.संहिता 1959 की धारा 44 के तहत अपील आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त प्रकरण में आगामी दिनांक 24.11.2025 सुनवाई हेतु नियत है। अत: आप स्वयं अथवा अपने अभिभाषक सहित नियत दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। सूचना पत्र आज दिनांक 12.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**( अजय प्रतापसिंह पटेल )**
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुविभाग-नटेरन


# एमएसपी पर खरीदी जाएंगी फसलें

## ज्वार, बाजरा की 24 से और धान की एक दिसंबर से होगी खरीदी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 18 नवंबर. खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार द्वारा समय - समय पर घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर औसत अच्छी गुणवत्ता की धान, ज्वार एवं बाजरा का उपार्जन किसानों से किया जाएगा. राज्य शासन ने न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा की उपार्जन नीति घोषित कर दी है.**

समर्थन मूल्य पर ज्वार एवं बाजरा की 24 नवम्बर से 24 दिसम्बर तक और धान की खरीदी एक दिसम्बर से 20 जनवरी, 2026 तक की जायेगी. खरीदी सोमवार से शुक्रवार तक की जायेगी. खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश के समस्त कलेक्टर्स, नागरिक आपूर्ति निगम तथा वेयर हाउसिंग कॉर्पोरेशन के अफसरों को निर्देश दिए गए हैं कि उपार्जन नीति का अक्षरशः पालन सुनिश्चित कराएं.



**46 पुराने और 54 फीसदी नये बारदाने का उपयोग होगा**

समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिये 46 प्रतिशत पुराने और 54 प्रतिशत नवीन जूट बारदाने उपयोग किये जायेंगे. बारदानों की व्यवस्था उपार्जन एजेंसी द्वारा की जायेगी. ज्वार एवं बाजरे का उपार्जन नवीन जूट बारदानों में किया जायेगा. तय मापदंड के मुताबिक गुणवत्ता परीक्षण का दायित्व उपार्जन केन्द्र में उपार्जन करने वाली संस्था और भण्डारण स्थल पर उपार्जन एजेंसी का होगा.

### कार्यशाला सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**भोपाल.** कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में कार्यशाला सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ. पर्यटन, संस्कृति एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी ने कार्यशाला का शुभारंभ किया.

**राज्य मंत्री रहे मौजूद**

राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि भारत के चयनित ऐतिहासिक नगरों की परंपरा, सांस्कृतिक विरासत, स्थापत्य और वैचारिक दर्शन से देश की युवा पीढ़ी को परिचित कराने के उद्देश्य से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स द्वारा यह श्रृंखला आयोजित की जा रही है.

# राहुल नगर में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**मंडीदीप, 18 नवंबर. मध्य प्रदेश सरकार एक तरफ स्वर्णिम मध्य प्रदेश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहिए परंतु राजधानी के सटीक औद्योगिक शहर मंदिर में स्थित राहुल नगर के रहवासी मूलभूत सुविधाओं को लेकर मोहताज है चुनाव के समय नेतागन बड़े-बड़े वादे कर कर अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं और जीतने के बाद जनता को दर दर के ठोकरे खाने के लिए बिवस कर देते हैं.**

वार्ड से लेकर केंद्र तक भाजपा सरकार होने के बाद भी विकास के बादो की पोल खुलती नजर आ रही है जहां लोगों को ना तो पट्टे आवंटित हुए हैं जिसके लिए हर बार मूर्ख बनाया जाता है और ना ही नाली,पानी सड़क है जिस कारण लोग मूलभूत सुविधाओं से वंचित है सोमवार को राहुल नगर के रहवासियों द्वारा बीएलओ को खरी खोटी सुना कर अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेंद्र अग्रवाल के नाम गाली गुरतार की गई और बताया कि विकास के बड़े-बड़े वादे किए गए परंतु आज तक कोई विकास नहीं किया गया लोग नरकीय जीवन जीने को मजबूर है यदि समय रहते हैं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गई तो जनता द्वारा जन आंदोलन होगा.



नगर पालिका में इस प्रकार की कोई शिकायत नहीं मिली है यदि मिलेगी तो संज्ञान लिया जाएगा. **प्रशांत जैन** सीएमओ नगरपालिका मंडीदीप

### किशोरियों ने पुलिस दीदी संग साझा किए मन के जज्बात

**मंडीदीप.** मंडीदीप.जिला पुलिस प्रत्येक थाना स्तर पर स्कूल कालेजों में किशोरी जागरूकता संवाद कार्यक्रम अयोजित कर बालिकाओं को सुरक्षित रहने का सन्देश दे रही है. इस क्रम में मंगलवार को शासकीय राजा भोज महाविद्यालय और शासकीय कन्या हौरसेकेण्डरी स्कूल में किशोरी जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. दोनों स्थानों पर पुलिस दीदियों ने 800 से अधिक किशोरी बालिकाओं से संवाद किया.इस दौरान बलिकाओं ने व्यक्तिगक्त और समाज मे अपनी ही उम्र की बालिकाओं के साथ हुई घटनाओं को व्यक्त करते हुए भावुक हो समाधान की मांग की.

बधाई ▸ कमलनाथ के सरकारी बंगले पर नेताओं और समर्थकों की उमड़ी भीड़

# पूर्व सीएम को प्रदेशभर के कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**भोपाल, 18 नवंबर. मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ का जन्मदिन आज मंगलवार को राजधानी भोपाल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. सुबह से ही उनके श्यामला हिल्स स्थित सरकारी बंगले पर कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी. प्रदेशभर से आए कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें गुलदस्ते भेंट कर, फूलमालाएं पहनाकर दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं दीं.**



कार्यक्रम में छिंदवाड़ा के पूर्व सांसद नकुलनाथ भी उपस्थित रहे. उन्होंने अपने पिता को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि कमलनाथ का अनुभव, कार्यशैली और जनता के प्रति समर्पण पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है. बंगले पर पहुंचे समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और उत्साहपूर्ण नारों के बीच मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया.

कमलनाथ ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता और कार्यकर्ताओं का स्नेह ही उनकी वास्तविक ताकत है. उन्होंने कहा कि वह प्रदेश के विकास और जनता की सेवा के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे.

जन्मदिन के अवसर पर कमलनाथ ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर भी संदेश पोस्ट करते हुए लिखा— 'मेरे जन्मदिन के अवसर पर पधारे कांग्रेस परिवार के सभी सदस्यों और मध्य प्रदेश के नागरिकों का हृदय से आभार. आपके प्रेम और स्नेह से मुझे बल और शक्ति मिलती है. मैं आपको वचन देता हूँ कि अपना पूरा जीवन मध्य प्रदेश की सेवा में समर्पित करुंगा.


**संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं, मध्यप्रदेश**

क्र. 4/जन/स्टोर/2025/265 — भोपाल, दिनांक 17/11/2025

**निविदा सूचना**

संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं जयप्रकाश चिकित्सालय परिसर, तुलसी नगर, भोपाल मध्यप्रदेश के अंतर्गत कार्यालय में उपकरण ऑल इन वन i5 कम्प्यूटर, प्रिंटर ऑल इन वन, कलर प्रिंटर ऑल इन वन क्रय की द्वितीय निविदा आमंत्रित की जा रही है. निविदाकर्ता राशि संचालक स्वास्थ्य सेवाएं मध्यप्रदेश के खाते में ऑनलाइन जमा कर निविदा से संबंधित समस्त दस्तावेज ऑनलाइन https://mptenders.gov.in के माध्यम से निर्धारित समयावधि में Download कर निविदा निम्नानुसार प्रस्तुत कर सकेंगे :-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | निविदा फार्म क्रय दिनांक एवं समय | 23/11/2025 सुबह 10.00 बजे से |
| 2. | निविदा फार्म क्रय की अंतिम दिनांक एवं समय | 5/12/2025 शाम 6.00 बजे तक |
| 3. | निविदा अपलोड करने की दिनांक एवं समय | 23/11/2025 सुबह 10.00 बजे से |
| 4. | निविदा अपलोड करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 5/12/2025 शाम 6.00 बजे तक |
| 5. | निविदा खोलने की दिनांक एवं समय | 8/12/2025 दोपहर 11.00 बजे |
| 6. | निविदा की लागत राशि | राशि रुपए 44 लाख |
| 7. | धरोहर राशि | राशि रुपए 1,32,000/- |
| 8. | तकनीकी प्रस्ताव के मूल्यांकन के बाद वित्तीय निविदा खोली जावेगी. | |

निविदा को मान्य एवं अमान्य किए जाने के अधिकार संचालक स्वास्थ्य सेवाएं मध्यप्रदेश के पास सुरक्षित रहेगा.

**'कार्यालय प्रमुख द्वारा अनुमोदित'**

G21622/25

अपर संचालक (प्रशासन)
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं मध्यप्रदेश